पीएम मोदी ने पंजाब की 15 वर्ष की खिलाड़ी तन्वी शर्मा के प्रदर्शन की प्रशंसा की

प्रधानमंत्री ने भेजा पत्र, कहा-उसकी सफलता उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा

⇨ तन्वी शर्मा ने सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था

जगमार्ग न्यूज

होशियारपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब की 15 वर्षीय बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा को पत्र लिखकर 2023 में बैडमिंटन प्रतियोगिताओं के दौरान उनके राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा की है।

तन्वी शर्मा ने मलेशिया में आयोजित सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर देश का ध्यान अपनी ओर खींचा था। बैडमिंटन खिलाड़ी को लिखे पत्र में मोदी ने पूरे देश की ओर से अंतरराष्ट्रीय मंच पर युवा खिलाड़ी की उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई दी। मोदी ने भारत की खेल प्रतिभाओं पर गौरवान्वित होते हुए खिलाड़ियों का समर्थन करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता जैसे टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) का भी जिक्र किया जिसका उद्देश्य भारत के स्टार खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय सुविधायें और वैश्विक कोचिंग विशेषज्ञता की पहुंच मुहैया कराना है ताकि वे शीर्ष स्तर की प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन कर सकें। प्रधानमंत्री ने पत्र में तन्वी की सफलता को देश के उभरते हुए असंख्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि 'टॉप्स' जैसी पहल और खेलों में मौकों के बारे में जागरूकता पैदा करके तन्वी की उपलब्धियों ने सिर्फ खेल संस्कृति ही नहीं बल्कि 'फिट इंडिया' अभियान में भी योगदान दिया है। प्रधानमंत्री से मिले पत्र पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए तन्वी ने कहा कि इस पत्र से वह सम्मानित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह पत्र उन्हें बैडमिंटन के प्रति समर्पण और कड़ी मेहनत की वजह से मिला है जिससे वह खेल में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रयास जारी रखेंगी।मोदी ने 2024 में पेरिस ओलंपिक सहित आगामी अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं को देखते हुए तन्वी को सफलता हासिल करने और बड़ी उपलब्धियां हासिल करने की कामना की।उन्होंने इस खिलाड़ी को वैश्विक मंच पर चमकने तथा अपने समर्पण, और प्रतिभा से दूसरों को प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

चुनाव प्रक्रिया को लेकर चुनाव अधिकारी ने श्री मुक्तसर साहिब के सभी बैंकर्स को जारी किए निर्देश

जगमार्ग न्यूज

मलोट/मुक्तसर। भारत चुनाव आयोग के निर्देशानुसार पंजाब राज्य में आदर्श चुनाव प्रक्रिया लागू की गई है। इस संबंध में हरप्रीत सिंह सूदन डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला चुनाव अधिकारी श्री मुक्तसर साहिब की अध्यक्षता में लोकसभा क्षेत्र फरीदकोट-09, फिरोजपुर-10 और बठिंडा-11 अधीन आते विधानसभा क्षेत्र गिद्दड़बाहा,श्री मुक्तसर साहिब-मलोट और लंबी के जिला श्री मुक्तसर साहिब के सभी बैंक प्रबंधकों के साथ डिप्टी कमिश्नर श्री मुक्तसर साहिब के कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान बैठक में उपस्थित सभी बैंकों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बैंकों के संबंध में आदर्श आचार संहिता के संबंध में दिये गये सभी निर्देशों से अवगत कराया गया।

उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के पूर्व पिछले दो माह के दौरान किसी बैंक खाताधारक द्वारा असामान्य एवं कठिन परिस्थिति में अचानक एक लाख रुपये नकद जमा करना या निकासी करना संदेहास्पद है, इसलिए इसकी सूचना तत्काल जिला निर्वाचन अधिकारी को दी जाए और इसके साथ ही 10 लाख से ऊपर के सभी बैंक लेनदेन की जानकारी भी जिला निर्वाचन कार्यालय को देनी होगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिले की बड़ी दुकानों यानी जहां से खरीदार अपने दैनिक उपयोग का सामान खरीदता है, इन राशन दुकानों पर अगर बड़ी रकम का लेनदेन होता है तो इसकी जानकारी तुरंत दी जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि आदर्श आचरण संहिता के निर्देशों का किसी भी दशा में उल्लंघन न किया जाए तथा निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। इस मीटिंग में सुखप्रीत सिंह सिद्धू अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर विकास कम-अतिरिक्त जिला चुनाव अधिकारी, हरबंस सिंह चुनाव तहसीलदार और जिले के सभी बैंक मैनेजर और अन्य अधिकारी/कर्मचारी भी शामिल हुए।

पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द होंगे मुख्य अतिथि

⇨ कार्यक्रम दौरान 864 भारतीय और अंतराष्ट्रीय छात्रों को स्नातकोतर/ पीएचडी उपाधियां की जाएंगी प्रदान



जतिन अरोड़ा

बठिंडा (जगमार्ग न्यूज)। पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो राघवेन्द्र प्रसाद तिवारी के नेतृत्व में मंगलवार को नवम दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। इस कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद रहेंगी।

नवम दीक्षांत समारोह दौरान 864 पीजी/पीएचडी उपाधियां प्रदान की जाएंगी, जिनमें 813 स्नातकोत्तर उपाधियां और 51 पीएचडी उपाधियां शामिल हैं। मुख्य अतिथि राम नाथ कोविन्द दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगे और विभिन्न विषयों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 41 मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान करेंगे। 864 पीजी/पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वाले युवाओं में से 485 पुरुष छात्र और 379 महिला छात्राएं हैं।

कम संख्या के बावजूद भी महिला छात्रों ने पुरुष छात्रों द्वारा अर्जित किए 13 पदकों की तुलना में 28 पदक अर्जित किए हैं। लगभग 8 अंतराष्ट्रीय छात्रों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। कुलपति प्रो राघवेन्द्र प्रसाद तिवारी ने कहा कि यह उनके विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द नवम दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे, जिससे इस आयोजन का महत्व और बढ़ गया है। कुलाधिपति प्रो जगबीर सिंह की अध्यक्षता में इस समागम में अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस दीक्षांत समारोह दौरान विश्वविद्यालय प्रतिष्ठित व्यक्तियों को उनके क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु मानद उपाधियों से सम्मानित करेगा।

प्रो तिवारी ने कहा कि इस दीक्षांत समारोह के माध्यम से विश्वविद्यालय 864 पीजी/पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वाले युवाओं को समाज को सौंपेगा, जो जिम्मेदार नागरिक के रूप में देश के विकास में योगदान देंगे और बाबासाहेब डॉ बी आर अबेडकर के समावेशी समाज बनाने के दृष्टिकोण को साकार करने हेतु कृत संकल्पित रहेंगे।

मुख्य चुनाव अधिकारी ने राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ की मीटिंग, चुनाव प्रक्रिया संबंधी करवाया अवगत

जगमार्ग न्यूज

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी सिबिन सी ने लोक सभा मतदान-2024 के ज़रूरी पहलूओं से अवगत करवाने के लिए राज्य की प्रमुख राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग की। इस मौके पर उन्होंने चुनाव प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी के इलावा वोटरों की कुल संख्या (2,12,71,246), पुरूष वोटर (1,11,92,959), महिला वोटर (1,00,77,543), ट्रांसजैंडर वोटर (744), अपहिज व्यक्ति (1,57,257), ओवरसीज वोटर (1597) और पोलिंग स्टेशनों की संख्या (24,433) जैसे मुख्य आंकड़ों को उजागर किया।

इसके साथ ही उन्होंने अपाहिज वोटरों और 85 साल या इससे अधिक उम्र के व्यक्तियों को घर से वोट डालने के चुनाव करने के अधिकार के बारे बताया। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीऐम) की उपलब्धता के सिबिन सी ने बताया कि राज्य में 150 प्रतिशत ईवीएम की उपलब्धता है, जो ज़रूरत से 50 प्रतिशत अधिक है। इसके इलावा, उन्होंने भरोसा दिया कि सभी पोलिंग स्टेशनों को ज़रूरी सहूलतों जैसे कि रैंप, पानी की स्पलाई, उचित रौशनी के प्रबंध और शौचालय आदि के साथ लैस किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी पोलिंग स्टेशन वोटरों के पते से 2 किलोमीटर के अंदर सुविधाजनक तौर पर स्थित होंगे।

मुख्य चुनाव अधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया की अलग-अलग बातों के बारे विस्तार से बताते हुये लोक सभा मतदान के लिए उम्मीदवार की योग्यता, अयोग्यता के उपबंध (संवैधानिक और वैधानिक), नामांकन प्रक्रियाओं, नामांकनों को रद्द करने के आधार और नामांकन वापिस लेने के नियमों के साथ-साथ चुनाव चिन्ह अलाटमैंट नियमों के बारे पूरी जानकारी दी। इस दौरान सिबिन सी ने आदर्श चुनाव आचार संहिता के मुख्य उपबंधों की रूपरेखा के बारे भी बताया। उन्होंने अपील की कि राजनैतिक पार्टियों और उम्मीदवारों को नफ़रत भरे भाषण, धार्मिक या जाति आधारित वोट मांगने, विरोधियों पर निजी हमलों या ग़ैर- प्रमाणित रिपोर्टों के आधार पर आलोचना से बचना चाहिए। मीटिंग में अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी हरीश नैयर और अभिजीत कपलिश, संयुक्त सीईओ सकत्तर सिंह बल्ल और सीईओ दफ़्तर के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

न्यूज डायरी

शहीदों को समर्पित रक्तदान शिविर 23 मार्च को: संदीप शर्मा

गढ़शंकर (जगमार्ग न्यूज)। शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव जी की शहादत को समर्पित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 23 मार्च शनिवार को गढ़शंकर में आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपकार एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट गढ़शंकर के प्रेरक संदीप शर्मा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा सभी स्थानीय निवासियों के सहयोग सेशहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव जी की शहादत को समर्पित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 23 मार्च दिन शनिवार को होटल युकोहामा बंगा रोड गढ़शंकर में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के सभी मोटिवेटरों और रक्तदाताओं से शिविर में पहुंचने का आग्रह किया और कहा कि रक्तदान शिविर के दौरान आपकी उपस्थिति ही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।संदीप शर्मा ने बताया कि शिविर के दौरान रक्तदान करने वाले युवाओं को ट्रस्ट की ओर से विशेष सम्मान दिया जाएगा।

जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, फिरोजपुर ने सभी के लिए न्याय सुनिश्चित किया

फिरोजपुर (जगमार्ग न्यूज)। वीरेंद्र अग्रवाल जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, फिरोजपुर के निर्देशानुसार एक मां को उसके 5 माह के बच्चे से मिलवाया गया। जानकारी के अनुसार, एकता उप्पल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, फिरोजपुर ने कहा कि मामला एक वैवाहिक विवाद से संबंधित है जिसमें लड़की ने अपने पिता के साथ उनके कार्यालय में उपस्थित होकर गुहार लगाई कि उसके ससुराल परिवार ने उसका 5 माह का बच्चा उससे छीन लिया है और पिछले 5-6 दिनों से वे दौड़ रहे हैं लेकिन उनकी कोई नहीं सुन रहा है। जिसके बाद सीजेएम एकता उप्पल ने उन्हें प्रोत्साहित किया और जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष विरिंदर अग्रवाल के निर्देशानुसार उनके आवेदन को डिप्टी द्वारा संबंधित पुलिस स्टेशन के एसएचओ को भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने जिरा के माध्यम से चिन्हित कर निर्देश दिया कि नियमानुसार त्वरित कार्यवाही कर प्रतिवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किया जाये। इसके बाद प्रधान को उसका 5 माह का बच्चा मिल गया और जज साहब ने उसकी राजीनामा अर्जी भी मध्यस्थता केन्द्र में स्वीकार कर ली और लड़की को केस दायर करने के लिए निशुल्क कानूनी सहायता भी प्रदान की गई। इस प्रकार जज साहब ने विधिक सेवा प्राधिकरण, सबके लिए न्याय के नारे का वास्तविक उद्देश्य बता दिया है।

खालसा कॉलेज फार्मेसी में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर सेमिनार आयोजित किया

अमृतसर (जगमार्ग न्यूज)। खालसा कॉलेज ऑफ फार्मेसी में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कॉलेज निदेशक सह प्राचार्य डॉ. आरके धवन के दिशानिर्देशों पर आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित इस सेमिनार के अवसर पर ज्योति बावा ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया और छात्रों के साथ मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं, अवसाद, मनोविज्ञान, मनोविकृति, खुशी और परम के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। इस बीच, डॉ. धवन ने मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में दी गई जानकारी के लिए बावा को धन्यवाद दिया। डॉ. धवन ने कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका में लगभग हर पांच में से एक वयस्क को मानसिक बीमारी या मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति है। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य विकारों से जूझ रहे लोगों के लिए बात करना ही एकमात्र चीज नहीं है। यह हमारे सामाजिक, भावनात्मक, शारीरिक और संज्ञानात्मक कल्याण को प्रभावित करता है।

डीएवी कॉलेज मलोट में सुंदर लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

मलोट (जगमार्ग न्यूज)। डीएवी कॉलेज मलोट में प्रिंसिपल सुभाष गुप्ता के कुशल नेतृत्व में कॉलेज के लाइब्रेरी विभाग और पंजाबी विभाग के सहयोग से एक सुंदर लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि आज की भागदौड़ भरी दुनिया में अधिकतर विद्यार्थियों की लिखावट सुन्दर नहीं होती है। मातृभाषा पंजाबी के प्रति हमारा कर्तव्य है कि हम पंजाबी को मोतियों की तरह सुंदर लिखें। इस प्रतियोगिता में तप्पा खेड़ा के सरकारी प्राइमरी स्कूल के ईटीटी शिक्षक गुरप्रीत सिंह ने मुख्य अतिथि और ब्लॉक प्राइमरी शिक्षा अधिकारी बलविंदर सिंह ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने काफी रुचि दिखाई और लगभग 50 विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बीए पार्ट तृतीय की हिमानी ने प्रथम स्थान, बीए पार्ट तृतीय की पूनम ने द्वितीय स्थान तथा बीएससी पार्ट प्रथम की अंजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रिंसिपल सुभाष गुप्ता, लाइब्रेरियन दीपक अग्रवाल और पंजाबी विभाग की प्रमुख डॉ. जसबीर कौर ने विजेता छात्रों को बधाई दी और उनके अच्छे भविष्य की कामना की। अंत में अतिथियों को सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

मलोट (जगमार्ग न्यूज)। पंजाब यूनिवर्सिटी कांस्टीट्यूएंट कॉलेज सिखवाला (श्री मुक्तसर साहिब) में कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल, पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के सहयोग से प्रिंसिपल प्रो. बलजिंदर कौर के नेतृत्व में 'पंजाबियों में प्रवास की प्रवृत्ति-सामाजिक सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक पहलू' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की शुरुआत संयोजक डॉ. नवदीप कौर ने सेमिनार के विषय के बारे में जानकारी देकर की। इस सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला के राजनीति विज्ञान विभाग की मुखी प्रो. परमजीत कौर गिल ने भाग लिया। रिसोर्स पर्सन डॉ.मोनिका बंसल ने प्रवास के आर्थिक प्रभाव पर अपने विचार प्रस्तुत किये। प्रो.निशा जैन ने प्रवास के सामाजिक एवं सांस्कृतिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। सेमिनार के अंत में सह-संयोजक हरप्रीत सिंह ने अतिथियों के साथ-साथ कॉलेज स्टाफ ममता रानी, सुखदेव सिंह, अंकुश, डॉ. अमनदीप सिंह और नान टीचिंग स्टाफ का सेमिनार में सहयोग करने के लिए धन्यवाद किया।

किशनकोट में करवाए जा रहे मुफ्त विकास कार्य : यशपाल बिट्टू

अमृतसर (जगमार्ग न्यूज)। इसलामाबाद स्थित किशनकोट के वार्ड 55 (67) में लोगों की सेवा में बिलकुल मुफ्त विकास कार्य कराए जा रहे हैं। वहीं इलाके के लोगों का कहना है कि लंबे समय से इंचार्ज मैडम पल्लवी तथा प्रधान यशपाल बिट्टू अपने वार्ड के कार्यो को कराने हेतु प्रयासत हैं। वार्ड इंचार्ज पल्लवी तथा प्रधान यशपाल बिट्टू की देखरेख में इलाके के लोगों की स्मास्यों को पहल के आधार पर हल करवाया जा रहा है और लोगों को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की मुफ्त योजनाओं का लाभ बिलकुल मुफ्त में प्रदान किया जा रहा है। प्रधान यशपाल ने बिट्टू ने बताया कि लोकसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल कर भाजपा सरकार द्वारा शहर में बड़े स्तर पर विकास कार्य शुरु होंगे। अपने वार्ड के विकास कार्यों हेतु मैं निरंतर प्रयासरत हूं, शीघ्र ही सभी निर्माण कार्य पूर्ण होंगे।

धालीवाल अस्पताल के डॉ. यूएस को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

जगमार्ग न्यूज

अमृतसर। धालीवाल अस्पताल के डॉ. यूएस धालीवाल को सर्जरी के क्षेत्र में उनकी सेवाओं के लिए एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. धालीवाल ने बटन होल सर्जरी का आविष्कार किया और अपनी आविष्कृत तकनीक से 50000 से अधिक सफल सर्जरी की हैं। पिछले कई दशक से डॉ. धालीवाल अमृतसर के अलावा बाहर भी कई जटिल सर्जरी करके बहुत लोगों का जीवन बचा चुके है। इसी अभूतपूर्व योगदान को ध्यान में रखते हुए यह लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किया गया।

दीक्षांत समारोह में 500 स्टूडेंट्स को मिलीं डिग्रियां

⇨ ग्लोबल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स में चौथे दीक्षांत समारोह का आयोजन

जगमार्ग न्यूज

अमृतसर। ग्लोबल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स में चौथे दीक्षांत समारोह में 500 से अधिक छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। इसमें मुख्यातिथि विधायक डॉ. कुंवर विजय प्रताप सिंह और विशेषातिथि हिमाचल प्रदेश की यूनिवर्सिटी के वीसी पद्मश्री डॉ. हरमोहिंदर सिंह बेदी उपस्थित रहे। दीक्षांत समारोह के दौरान आईकेजी पीटीयू डिप्टी रजिस्ट्रार - डॉ. एकओकार सिंह भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इंस्टीट्यूट के वाइस चेयरमैन डॉ. आकाशदीप सिंह ने संस्थान की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

इस दौरान 500 के करीब स्टूडेंट्स को डिग्रियां बांटी गई। दीक्षांत समारोह के अंत में डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट कर्नल सुधीर बहल ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उन्होंने उन सभी छात्रों को बधाई दी, जिन्होंने कड़ी मेहनत की और अपनी डिग्री मुकमल की।

उपलब्धि

युवाओं को गुणवत्तापरक शिक्षा का अवसर प्रदान कर रहा पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय

प्रो. राघवेन्द्र प्रसाद तिवारी के मार्गदर्शन में पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रगति पथ पर अग्रसर

जतिन अरोड़ा

बठिंडा (जगमार्ग न्यूज)। पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय ने स्थापना के 15 वर्ष पूरे किए है। विश्वविद्यालय ने नैक मूल्यांकन के दूसरे चक्र में 'ए प्लस' ग्रेड तथा एनआईआरएफ 2023 (विश्वविद्यालय श्रेणी) में 100वां रैंक प्राप्त करने के साथ ही 15 वर्षो की अल्प अवधि में शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में कई उपलब्धियां अर्जित की हैं। कुलपति प्रो. राघवेन्द्र प्रसाद तिवारी के दूरदर्शी नेतृत्व में विश्वविद्यालय नई बुलंदियों की ओर अग्रसर है। गत तीन वर्षो दौरान विश्वविद्यालय के शोध आउटपुट में आशातीत बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2009 में स्थापित विश्वविद्यालय को शोधोन्मुख बनाने की जो नींव संस्थापक कुलपति प्रो जय रूप सिंह ने रखी थी एवं जो पहल पूर्व कुलपति प्रो आर के कोहली ने की थी, उन्हें साकार करने हेतु वर्तमान कुलपति तिवारी ने अपने प्रथम 3.5 वर्षो के कार्यकाल में दृढ़तापूर्वक कदम रख रहे हैं। प्रो तिवारी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय प्रशासन एवं शिक्षक वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सक्रिय निर्णयन की कार्यकुशल संस्कृति विकसित करते जीवन मूल्यों से परिपूर्ण युवा शक्ति के सम्पूर्ण विकास हेतु प्रयासरत है, जिससे विश्वविद्यालय से दीक्षित युवा देश के समग्र विकास में योगदान दे सकें। इसकी बयार विश्वविद्यालय में सहज ही महसूस की जा सकती है।

⇨ सीयूपी को विश्वस्तरीय शिक्षा केंद्र बनाते हुए अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शामिल होना हमारा आगामी लक्ष्य: कुलपति प्रो राघवेन्द्र तिवारी

प्रो. राघवेन्द्र तिवारी, कुलपति, पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय परिसर का विकास

अगस्त 2020 में कुलपति का दायित्व संभालते ही प्रो तिवारी ने विश्वविद्यालय को मानसा रोड, बठिंडा पर स्थित अस्थायी कैंपस से ग्राम घुद्दा, जिला बठिंडा में 500 एकड़ की भूमि पर बने स्थायी परिसर में स्थानांतरण का कार्य संपन्न किया। वतर्मान में विश्वविद्यालय परिसर का मुख्य गेट एवं परिसर की मुख्य सड़क के निर्माण का कार्य पूर्ण होने वाला हैं। साथ ही प्रशासनिक भवन एवं केंद्रीय पुस्तकालय निर्माणाधीन है। अतिरिक्त छात्रावास एवं अकादमिक भवन निर्माण हेतु प्रयास जारी हैं।

'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' का हुआ सफल क्रियान्वयन

शिक्षा में वांछित सुधार हेतु विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 21-22 से एनईपी-2020 के इनोवेटिव रिफॉर्म्स सफलतापूर्वक लागू किए हैं, जैसे: लर्निंग आउटकम-बेस्ड करीकुलम फ्रेमवर्क आधारित बहु-विषयक, कौशल विकास आधारित समग्र एवं लचीले पाठ्यक्रम को अपनाना, एकेडमिक बैंक ऑफक्रेडिट्स एवं राष्ट्रीय शैक्षणिक डिपॉजिटरी को अपनाना, बहु-प्रवेश एवं निकास विकल्पों का कार्यान्वयन, मूक (मैसिव ओपन ऑनलाइन पाठ्यक्रम) के माध्यम से क्रेडिट ट्रांसफर की सुविधा और राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) को अपनाना आदि। कुलपति प्रो तिवारी का मानना है कि शिक्षण संस्थान तभी प्रगति कर सकते हैं, जब छात्रों एवं अध्यापकों को सृजनात्मक सोच का अवसर मिले।

नए व्यावसायिक कार्यक्रम/पाठ्यक्रम शुरू

विश्वविद्यालय में मौजूदा उपलब्ध 43 स्नातकोत्तर एवं विभिन्न विषयों में पीएचडी पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त शैक्षणिक सत्र 2024-2025 से बीएससी बी.एड., बीएबीएड, बी फार्मेसी, बीए एलएलबी, बीटेक कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजी. में पांच स्नातक कार्यक्रम शुरू होने हैं। इसके अतरिक्त वैदिक गणित, जिओ इन्फॉर्मेटिक्स, डाटा साइंस एंड बायो-इंफॉर्मेटिक्स, हिंदी ट्रांसलेशन, पंजाबी ट्रांसलेशन, कम्प्यूटेशनल लॉजिस्टिक्स, न्यूरल नेटवर्क्स एंड डीप लर्निंग विषयों में लघु अवधि के डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कोर्स प्रदान कर रहा है/करेगा। विश्वविद्यालय में स्थापित डॉ. आम्बेडकर उत्कृष्टता केन्द्र द्वारा सिविल सेवा परीक्षाओं हेतु एससी और ओबीसी वर्गों को मुफ्त कोचिंग प्रदान की जा रही है। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा एम्स बठिंडा के साथ 'एआई एंड हेल्थ केयर' तथा एमआरएसपीटीयू बठिंडा के साथ 'बौद्धिक संपदा अधिकार' विषयों पर डिप्लोमा कोर्स शुरू करेगा। इस तरह विश्वविद्यालय युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु नवीन अवसर प्रदान करेगा।

अकादमिक आउटपुट में वृद्धि

विश्वविद्यालय के शिक्षक, शोधार्थी एवं छात्र शिक्षा पठन-पाठन एवं अनुसंधान के क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रहें है। पिछले तीन वर्षों में स्कोपस सूचीबद्ध शोधपत्रिकाओं में प्रकाशित शोध पत्रों की संख्या में 150 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुयी है। केन्द्रीय मंत्रालयों द्वारा पोषित कार्यशालाओं, अनुमोदित अनुसंधान परियोजनाओं, प्लेसमेंट, पेटेंट आवेदन, परामर्श राशि, युवाओं के बौद्धिक विकास हेतु सम-सामायिक विषयों में कार्यशाला, सामाजिक जुड़ाव के कार्यक्रम एवं अन्य मापदंडों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुयी है। विश्वविद्यालय का एच-इंडेक्स 2020 में 49 से बढ़कर 2024 में 84 हो गया है।

विगत कुछ वर्षो की प्रमुख उपलब्धियां

विश्वविद्यालय नैक मूल्यांकन के दूसरे चक्र में 'ए प्लस' ग्रेड प्राप्त करने के साथ ही पिछले पांच वर्षों में लगातार पांचवीं बार एनआईआरएफइंडिया रैंकिंग में 'भारत के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों' की सूची में शामिल है। विश्वविद्यालय ने एनआईआरएफइंडिया रैंकिंग 2023 की 'फार्मेसी श्रेणी' में 19वीं रैंक अर्जित कर कीर्तिमान स्थापित किया। चार विभागों को डीएसटी-एफआईएसटी द्वारा 4.23 करोड़ की, डीएसटी-पर्सयोजना के तहत 6.615 करोड़ की एवं डीएसटी-निधि-आईटीबीआई के तहत 3.274 करोड़ की अनुदान राशि प्राप्त हुयी है। साथ ही डीबीटी का ई-युवा केंद्र एवं कौशल विकास मंत्रालय द्वारा तीन बिज़नस आइडियाज की स्वीकृति हुयी है। विश्वविद्यालय के कुल ग्यारह शिक्षकों समेत एक पूर्व संकाय सदस्य को उन्नत शोध हेतु 'स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक सूची 2023' में शामिल किए गया है । अंतराराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय संगठनों/संस्थाओं के साथ सहयोग की संख्या को बढ़ाते हुए विश्वविद्यालय ने बठिंडा क्षेत्र तथा उत्तर भारत क्षेत्र के उच्च शैक्षणिक संस्थानों के मध्य परस्पर अकादमिक सहयोग बढ़ाने हेतु कंसोटिज्यम बनाने में मुख्य भूमिका निभाई। 85 प्रतिशत पदों में शिक्षकों की नियुक्ति की गयी एवं कर्मचारियों के पदों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। डॉ आंबेडकर शोध पीठ की स्थापना भी हुयी है। विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2022 में 'कैंपस उपयोग के लिए सर्वश्रेष्ठ संस्थान' श्रेणी में देश भर में तीसरा रैंक प्राप्त हुआ। संस्थान को गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियों के लिए आईएसओ 9001:2015 के तहत प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ। यहां के छात्र संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित 16वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में विजेता बने। डीएसटी निधि आई-टीबीआई द्वारा पोषित नवस्थापित सीयूपी-आरडीएफ इनक्यूबेटर द्वारा छात्रों, नवप्रवर्तकों और उद्यमियों के बीच नवोन्वेषी विचारों को प्रोत्साहित कर रही है। विश्वविद्यालय परिसर में केंद्रीय विद्यालय शुरू हो गया है। सूचना मंत्रालय द्वारा कम्यूनिटी रेडियो स्थापित करने हेतु स्वीकृति मिली है जो विश्वविद्यालय में हुए शोध परिणामों को समाज तक पहुंचाने में सहायक होगा। उपरोक्त उपलब्धियां इस बात का सूचक है कि विश्वविद्यालय उत्कृष्टता के मार्ग पर अग्रसर है। कुलपति तिवारी इन उपलब्धियों का श्रेय विश्वविद्यालय परिवार को देते है।

आत्मनिर्भर बनाने में प्रो. तिवारी की अभिनव पहल

विश्वविद्यालय को आत्मनिर्भर एवं हरा-भरा बनाने हेतु 500 एकड़ में फैले विश्वविद्यालय परिसर की 100 एकड़ की खाली जमीन पर कीनू के बाग और व्यावसायिक वृक्षों को लगाने की योजना है। इसके अंतर्गत 42 एकड़ का कीनू बाग तैयार हो गया है एवं लगभग 75,000 पौधे के साथ ही सभ्यतागत पौधों का रोपण हुआ। सौन्दर्यता हेतु गृह-नक्षत्र वाटिका, रोज गार्डन, कैनोपी गार्डन, मेज गार्डन, चिड़िया बसेरा आदि बनाये गए है। कीनू बागों से अगले कुछ वर्षों में विश्वविद्यालय को लगभग तीन करोड़ की आय होने की सम्भावना है।

'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' को साकार करने के ल